न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त बीकानेर
पीठासीन अधिकारी ए.एच.गौरी आर.ए.एस
अपील संख्या 06/2020 एल आर एक्ट (GCMS No 2020/ 00006)
अनवान मनीराम बनाम ज्ञानदान फाउंडेशन ट्रस्ट सी
अपील विरूद्ध निर्णय– जिला कलक्टर हनुमानगढ संपरिवर्तन आदेश दिनांक 22.06.2011

तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियन्स जज	नम्बर व तारीख अहकाल जो इस हुक्त की तामील में जारी हुऐ
04.10.2022	पत्रावली प्रस्तुत हुई। प्रस्तुत अपील जिला कलक्टर हनुमानगढ द्वारा पारित संपरिवर्तन आदेश दिनांक 22.06.2011 के विरूद्व राजस्व अपील अधिकारी हनुमानगढ के समक्ष प्रस्तुत की गई। राजस्व अपील अधिकारी हनुमानगढ द्वारा इस अपील का श्रवणाधिकार नही होने पर इस न्यायालय को हस्तान्तरित की गई। प्रस्तुत अपील में अपीलान्ट एवं उसके अभिभाषक इस न्यायालय में उपस्थित नही होने पर न्यायालय द्वारा अपीलान्ट के निमित नोटिस जारी किये गये। दिनांक 20.10.2021 को श्री ऋषिकान्त व्यास एडवोकेट ने प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि अपीलान्ट मनीराम का देहान्त दिनांक 21.03.2020 को हो चुका है तथा मनीराम के कुल सात वारिसान है जिनमे से केवल मनीराम के पुत्र भागीरथ की ओर से वकालतनाम पेश किया तथा आगामी पेशी पर अपीलान्ट की मृत्यु प्रमाण पत्र एव अन्य वारिसानो की उपस्थित प्रमाण जरिये वकालतनामा हाजिर करने का भी निवेदन किया। श्री ऋषिकान्त व्यास एडवोकेट द्वारा इतना समय निकल जाने के बाद भी अपीलान्ट की मृत्यु प्रमाण पत्र एव अन्य वारिसानो की सूची पेश नही करने तथा उपस्थित भी नही होने पर आवाज लगवाई गई, बावजूद आवाज के उपस्थित नही होने पर पत्रावली अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज की जाती है। पत्रावली नम्बर से कम हो। आदेश की प्रमाणित प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का रिकॉर्ड लौटाया जाकर पत्रावली बाद तरतीब, तकमील दाखिल दफ्तर हो। आदेश खुले न्यायालय मे सुनाया गया। अति.संभागीय आयुक्त बीकानेर	